जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2021/मेडीकल 59 दिनांक: 14-1-21

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः–स्नातकोत्तर एम.एड. चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून–2020 (नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्रों हेतु) परीक्षा आवेदन पत्र में दर्शाये गये समस्त विषयों एवं प्रायोगिक विषय के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) के अंक विश्वविद्यालय की एम.पी. ऑनलाइन के जी2जी पोर्टल पर दिनांक 17.01.2021 तक ऑनलाइन अपडेट करने हेतु ।

महोदय,

म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग (मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38–3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.–3 दिनांक 26.08.2020 के तहत सत्र 2019–20 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संदर्भ में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है ।

उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में आप अपने महाविद्यालय के समस्त नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रुप से ऑनलाइन अपडेट करें ।

म.प्र. शासन के निर्देशों के अनुसार समस्त परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जाना है ।

आप यह सूनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें । विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा । जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा । विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के अंक मान्य नही किये जावेगे । निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर, चंबल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. समस्त परीक्षाओं स्नातकोत्तर एम.एड. चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून–2020 हेतु सूचनार्थ ।
3. उप/सहा. कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
4. कुलपति महोदया के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
5. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
6. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु ।
7. श्री संजय बरथरिया, एम.पी.ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रुप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।

उपकुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
14-1-21